

# एलपीजी सिलेंडर न मिलने से भड़के उपभोक्ताओं ने किया चक्काजाम

## गैस एजेंसी के सामने हुआ जमकर हंगामा, एसडीएम की समझाइश से बनी बात

नवभारत न्यूज

**सतना 10 अप्रैल. एलपीजी सिलेंडर के संकट ने अब आमजन को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर करना शुरु कर दिया है. कुछ आपूर्ति में खामी तो कुछ गैस एजेंसियों के गड़बड़झाले ने लोगों को इस कदर आक्रोशित कर दिया कि वे विरोध प्रदर्शन और चक्काजाम पर उतारु हो गए. मौके पर पहुंची एसडीएम द्वारा एजेंसी संचालकों को कड़ी फटकार लगाए जाने और आमजन को समझाइस दिए जाने के चलते मामला किसी तरह शांत हो सका.**





मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह सतना रोड पर स्थिति मानसी गैस एजेंसी के सामने मौजूद सैकड़ों उपभोक्ता अचानक आक्रोशित हो गए. एक ओकर जहां एलपीजी सिलेंडर की किल्लत से जूझ रहे सैकड़ों लोग भोर से ही एजेंसी के बाहर लाइन लगाकर खड़े हुए थे. वहीं दूसरी ओर सुबह 11 बजे तक एजेंसी के नहीं खुलने से उनका धैर्य जवाब दे गया. देखते ही देखते उन्होंने विरोण प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए सतना रोड को बाधित कर दिया. जिसका लतीजा यह हुआ कि उक्त मार्ग के दोनों ओर वाहनों की तारें लगनी शुरु हो गईं. घटना की जानकारी मिलने पर अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते मौके पर पहुंच गए और लोगों को समझाइस देनी शुरु की. इसी दौरान गैस एजेंसी के संचालक को भी थाना प्रभारी से कड़ी हिदायत दी. लेकिन इसके बावजूद भी लोगों का गुस्सा कम नहीं हुआ. मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम अमरपाटन आरती सिंह और तहसीलदार आर डी साकेत अमली के साथ मौके पर पहुंच गए. लोगों से चर्चा के दौरान सामने आई खामी के आधार पर एसडीएम द्वारा गैस एजेंसी संचालकों को कड़ी फटकार लगाई गई. इसी कड़ी में एसडीएम ने एजेंसी संचालक को सख्त हिदायत दी कि शनिवार से अनिवार्य तौर पर सिलेंडरों की होम डिलेवरी शुरु कर दी जाए. इसी कड़ी में एसडीएम द्वारा दी गई समझाइस और आश्वासन के बाद उपभोक्ताओं का गुस्सा कम हुआ और वे सड़क से हटने को राजी हो गए.

### कोठी में भी हुआ हंगामा

एलपीजी सिलेंडर की कमी से जूझ रहे उपभोक्ताओं का गुस्सा जिले के कोठी क्षेत्र में भी देखने को मिला. उपभोक्तताओं ने बताया कि वे सुबह 4 बजे से गैस एजेंसी के बाहर लाइन लगाकर खड़े हैं. लेकिन जब सिलेंडर देने की बारी आती है तो संचालकों द्वारा दूसरे लोगों को उपकृत किया जाने लगता है. भर्रेशाही का आरोप लगाकर लोगों ने एजेंसी के बार हंगामा करना शुरु कर दिया. मामले की जानकारी मिलने पर कोठी थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति को संभालने का प्रयास किया. पुलिस कर्मियो ंने व्यवस्था को संभालते हुए एक ओर जहां लोगों को व्यवस्थित किया वहीं दूसरी ओर एजेंसी के जरिए बारी बारी से पर्ची काटने और सिलेंडर वितरित करना सुनिश्चित करने का प्रयास किया.

### लाना होगा पहचान पत्र

एसडीएम द्वारा मौके पर लाइन में लगे लोगों में से कुछ भी जब औचक जांच की तो मालुम हुआ कि कापी किसी और के नाम है ओर गैस सिलेंडर लेने के लिए कोई और ही आया हुआ है. जिसे देखते हुए एसडीएम ने निर्देश दिए कि जिन उपभोक्ताओं के नाम की कापी होगी उन्हीं के परिजनों को गैस सिलेंडर दिया जाए. इसके लिए कापी के साथ पहचान पत्र लाना भी अनिवार्य कर दिया गया. आलम यह रहा कि एसडीएम के कड़े निर्देश के बाद पुलिस की मौजूदगी में बारी बारी से पर्ची काटी जाने लगी.

# उच्च माध्यमिक शिक्षकों को बनाया प्रगणक

## निगमायुक्त से भेंट कर जताई आपत्ति, मिला आश्वासन

नवभारत न्यूज

**सतना 10 अप्रैल. जनगणना 2027 को लेकर लगाई जाने वाली ड्यूटी में विसंगतियां सामने आते ही उसका विरोध भी शुरु हो गया है.**

द्वितीय श्रेणी के रापपत्रित उच्च माध्यमिक शिक्षकों की ड्यूटी प्रगणक के तौर पर लगाए पर शिक्षकों ने निगमायुक्त से भेंट कर आपत्ति जताई. शिक्षकों की आपत्ति को गंभीरता से लेते हुए निगमायुक्त द्वारा शिक्षकों को आश्वस्त किया गया है कि उन्हें प्रगणक के बजाए सुपरवाइजर के पद में रखते हुए जनगणना का कार्य कराया जाएगा. शुक्रवार को दर्जन भर से अधिक उच्च माध्यमिक शिक्षक नगर निगम कार्यालय पहुंचे. जहां पर उन्होंने निगमायुक्त शेर सिंह मीणा से भेंट करते हुए अपना समस्या साझा की.

शिक्षकों के प्रतिनिधिमण्डल ने निगमायुक्त को बताया कि उच्च माध्यमिक शिक्षक का पद न सिर्फ द्वितीय श्रेणी राजपत्रित है, बल्कि व्याख्याता के समतुल्य भी है. जिसे देखते हुए उच्च माध्यमिक शिक्षकों की ड्यूटी त्रगणक कार्य के लिए लगाया जाना न सिर्फ नियम विरुद्ध बल्कि पद की गरिमा के विपरीत भी है. उच्च माध्यमिक शिक्षकों का वेतनमान तहसीलदार के समतुल्य होता है. जिसे देखते हुए जनगणना कार्य 2027 में उच्च माध्यमिक शिक्षकों की ड्यूटी प्रगणक से मुक्त कर पद के अनुरुप लगाई जाए. इसी कड़ी में शिक्षकों द्वारा उच्च माध्यमिक शिक्षकों की सूची भी निगमायुक्त को सौंपी जिनकी ड्यूटी बतौर प्रगणक लगाई गइ है.

### उपायुक्त ने दिया आश्वासन

शिक्षकों ने यह जानकारी भी दी कि इससे पहले वे उपायुक्त सत्यम मिश्र से मिलकर भी उनके सामने आपनी समस्या रख चुके हैं. लेकिन इसके बावजूद भी कुछ नहीं हुआ और अब प्रशिक्षण शुरु हो गया है. शिक्षकों की मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए निगमायुक्त द्वारा आश्वस्त किया गया कि इस मामले में जल्द से जल्द विचार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.



# शहर विकास के लिए महापौर ने ली इंजीनियर्स की बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 अप्रैल. महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने आज नगर निगम कार्यालय में शहर के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से सभी इंजीनियर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में शहर की सड़कों के निर्माण, गुणवत्ता सुधार एवं कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और कई अहम निर्णय लिए गए। हमारा संकल्प है कि आने वाले दिनों में शहरवासियों को बेहतर, सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान की जाए। इसी दिशा में सड़कों के निर्माण एवं सुधार कार्य को तीव्र गति से प्रारंभ किया जाएगा।इस अवसर पर मुख्य अभियंता एस.के. सिंह , कार्यपालन यंत्री मुकेश चतुर्वेदी सहित सभी जोनों के सहायक यंत्री एवं इंजीनियर उपस्थित रहे।

# बाबा साहब की प्रतिमा से छेड़छाड़ पर आक्रोशित हुए ग्रामीण

## विरोध प्रदर्शन करते हुए उचेहरा-नागौद मार्ग किया बाधित, लगाई गई नई मूर्ति





नवभारत न्यूज

**सतना 10 अप्रैल. गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ कर दी. अगले दिन सुबह घटना की जानकारी मिलते ही लोगों के बीच आक्रोश फैल गया. विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम भी किया गया.**

उक्त मामले में पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज किए जाने के साथ ही प्रशासन द्वारा नई मूर्ति स्थापित किए जाने के बाद मामला किसी तरह शांत हो सका.

उचेहरा-नागौद रोड पर भरहटा के टिकुरिया तिराहे के निकट शासकीय जमीन मौजूद है. लगभग 1 वर्ष पहले उसी शासकीय जमीन पर चबूतरे का निर्माण करते हुए उस पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की गई थी. शुक्रवार की सुबह जब स्थानीय रहवासियों का ध्यान उक्त अंबेडकर प्रतिमा की ओर गया तो उसके साथ हुई छेड़छाड़ को देखते हुए वे आक्रोशित हो गए. इस घटना की जानकारी आग की तरह आस पास के क्षेत्र में फैल गई. लिहाजा कुछ देर में ही सैकड़ों की संख्या में लोग वहां एकत्रित हो गए. देखते ही देखते लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया. इतना ही नहीं बल्कि विरोध प्रदर्शन के साथ ही उचेहरा-नागौद मार्ग पर चक्काजाम कर दिया गया. घटना की जानकारी मिलने पर उचेहरा थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और समझाइस दी जाने लगी. लेकिन आक्रोशित ग्रामीण कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे. मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम उचेहरा सोमेश द्विवेदी मौके पर पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ चर्चा शुरु की. आक्रोशित ग्रामीणों ने फौरन नई प्रतिमा लगाए जाने के साथ ही छेड़छाड़ करने वाने आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई.

### चित्रकूट से मंगवाई गई मूर्ति

लोगों के आक्रोश को देखते हुए एसडीएम द्वारा फौरन ही मातहत अमले को निर्देश देते हुए नई प्रतिमा की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए. इसी कड़ी में प्रशासन द्वारा कुछ चित्रकूट से नई प्रतिमा मंगाए जाने के बारे में जानकारी ग्रामीणों को दी गई. जिसके चलते एसडीएम की अगुआई में नई प्रतिमा के पूजन को लेकर तैयारियां शुरु कर दी गईं. इतना ही नहीं बल्कि स्थानीय रहवासी रमेश चौधरी, राविश्वास चौधरी और भीम प्रताप सिंह बौद्ध की मौखिक शिकायत के आधार पर उचेहरा थाने में प्रकरण भी दर्ज कर लिया गया. जिसे देखते हुए ग्रामीणों का का आक्रोश कम हुआ और वे वहां से हटने को राजी हो गए. लेकिन इस विरोध प्रदर्शन के चलते उचेहरा-नागौद मार्ग लगभग 2 घंटे तक बाधित बना रहा.

# खेत में भड़की आग से आधा दर्जन किसानों की फसल खाक

## भारी नुकसान होता देख किसानों ने की क्षतिपूर्ति की मांग

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 अप्रैल. जिले के रैगांव थाना क्षेत्र के करसरा गांव में शुक्रवार दोपहर ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से गेहूं के खेतों में भीषण आग लग गई। इस घटना में करीब आधा दर्जन किसानों की लगभग 10 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना दोपहर करीब 12 बजे हुई, बताया गया कि जब ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी सूखी फसल पर गिरी। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली और आसपास के कई खेत इसकी चपेट में आ गए। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग से प्रभावित किसानों में बेटू शुक्ला, रामकलेश शुक्ला, राजू पयासी, विद्याधर शुक्ला, प्रेमलाल शुक्ला और मनमोहन शर्मा शामिल हैं। इन किसानों को अपनी सालभर की मेहनत का भारी नुकसान हुआ है। आग लगते ही ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए स्थानीय संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। बोरिंग के पानी और खेतों की मेड़ों को काटकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक फसल को भारी क्षति हो चुकी थी। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से तत्काल मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ट्रांसफार्मर की नियमित जांच और सुधार की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### नरवई में भड़की आग

मैहर जिले के सोनवारी इलाके में टोल प्लाजा के पास खेतों में फैली नरवाई में अचानक भीषण आग लग गई। हवा के चलते आग ने इतनी तेजी पकड़ी कि पास के खेतों में खड़ी किसानों की तैयार फसलें जलने की कगार पर पहुंच गईं। आग लगने की खबर मिलते ही दमकल विभाग की तीन गा?ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं। आग की लपटें काफी ऊंची उठ रही थीं, लेकिन दमकल कर्मियों ने मोर्चा संभाला और काफी मेहनत के बाद इसे बुझा दिया। ग्रामीणों ने अपने पास मौजूद पानी के संसाधनों और अन्य तरीकों से मदद की, जिससे आग को जल्द काबू करने में ब?ी सफलता मिली।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की बैठक 13 को

**सतना 10 अप्रैल.** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण भोपाल के निर्देशानुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के आयोजन हेतु निर्देश दिये गये है।

जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 के सफल आयोजन को लेकर कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह की उपस्थिति में 13 अप्रैल को सायं 5.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में बैठक आयोजित की जायेगी। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## एक नजर में



### होम्योपैथी दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सतना।** होम्योपैथी दिवस के अवसर पर शहर में एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जहां मरीजों को राहत देने के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। सतना आयुष इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं भोलेराम होम्योपैथी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को पुष्करणी पार्क के पास यह शिविर लगाया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में करीब 40 से 50 मरीजों का परीक्षण कर उनका उपचार किया गया।

### महात्मा फुले जयंती आज टाउन हॉल में मनाई जाएगी

**सतना।** द बुद्धाज भूमि , गरीब सेना , सामाजिक एवं बौद्धिष्ट संगठनों द्वारा 11 अप्रैल 2026 शनिवार सुबह 9.30 बजे सामाजिक क्रांति के पितामह एवं शिक्षा के जनक राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिवा राव फुले जी की जयंती स्थानीय माता



सावित्री बाई-महात्मा ज्योति राव फुले प्रतिमा स्थल टाउन हाल परिसर श में मनाई जाएगी। द बुद्धाज भूमि के अध्यक्ष एड0 के0 पी0 पाल, द बुद्धाज भूमि के सचिव, गरीब सेना के मित्र एवं नगर पालिक निगम के पूर्व पार्षद महिंद वर्धन सिद्धार्थ पप्पू ने सामाजिक कर्यकर्ताओं, बौद्धिष्ट जनों से महात्मा फुले जयंती में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है।



### दिदौंध में तालाब सफाई से दिया जल संरक्षण का संदेश

**सतना.** सोहावल विकासखंड के सेक्टर 03 कोठी के अंतर्गत ग्राम दिदौंध में नवांकुर संस्था आभा फाउंडेशन की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्य चौराहे पर 4 मिट्टी के मटकों के माध्यम से नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम जन अभियान परिषद के तत्वावधान में डॉ. मोहन यादव की महत्वाकांक्षी सोच एवं सतना जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। नवांकुर संस्था आभा फाउंडेशन के मुखिया मुकुंद तिवारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों, ग्रामीणों एवं आमजन को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना एक सेवा भाव से जुड़ा सराहनीय प्रयास है।

### गुरुद्वारा नानक दरबार में निशान साहिब सेवा कल

**सतना।** गुरुद्वारा नानक दरबार में रविवार, 12 अप्रैल 2026 को सुबह 8.30 बजे से निशान साहिब सेवा का आयोजन किया जाएगा।दोनों गुरुपर्वों का संयुक्त समागम 12 अप्रैल 2026, रविवार को आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम (दीवान) समय 9.30 एम ङ्क 12.00 पीएम उपरांत गुरु का अटूट लंगर आयोजित होगा। संगत से विनती है कि वे सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लें और गुरु घर की खुशियां प्राप्त करें।



# कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 अप्रैल. कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष, सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा एवं जिला कॉंग्रेस कमेटी शहर सतना के अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी के नेतृत्व मे भा ज पा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ सिविल लाइन चौपाटी के सामने सतना मे धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित कर यस डी यम को ज्ञापन सौंपा गया.**

जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा ने अपने उद्बोधन मे कहा की प्रदेश की भा ज पा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण आज अन्न दाता किसान काफी परेशानियों से जूझ रहा है, किसानो के गेहूं ऊपर्जन की तारीख बार बार ब?ाई जा रही है जिससे किसानो मे भारी आक्रोश है द्य जिला शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी ने कार्यक्रम मे उपस्थित सभी मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों का कार्यक्रम मे भारी संख्या मे उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी ने हमेशा किसानो के हित मे काम किया है और यदि भा ज पा सरकार ने अपनी किसान विरोधी नीतियों को बदलकर प्रदेश के किसानो को तुरंत राहत नहीं पहुंचाई तो कांग्रेस पार्टी प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगी द्य कार्यक्रम मे मुख्य रूप से रामभुवन शर्मा,डॉ पी डी पटेल, दिलीप मिश्रा, मकसूद अहमद, राम लखन पटेल,रमेश द्विवेदी,कल्पना वर्मा, रश्मि सिंह,डॉली चौरसिया,गीता सिंह, उर्मिला त्रिपाठी, रजनी तिवारी, सुषमा तिवारी, सेहनाज बेगम,आरती सिंह,हेमलता सिंह,वंदना बागरी,प्रभा बागरी, सीमा बागरी,गीता कुशवाहा,राम शंकर पयासी,संजीव अग्रवाल,राम कुमार तिवारी आदि शामिल रहे.

### भाजपा नेता ददोली पाण्डेय के छोटे पुत्र का आकस्मिक निधन

**सतना, 10 अप्रैल.** भाजपा नेता वरिष्ठ समाजसेवी एवं रामलीला के प्रसिद्ध कलाकार ददोली पांडेय निवासी डेलौरा के छोटे पुत्र



गौरव पांडेय का आज आकस्मिक निधन हो गया। जिसका अन्तिम संस्कार प्रयागराज में किया गया। परिजनों,ईष्ट मित्रों ने और मुहल्ले वालों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने और परिवार यह सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना किया है।

# भारतीय सिंधू सभा ने मनाया राष्ट्रीय सिन्धी भाषा दिवस

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 अप्रैल. भारतीय सिंधू सभा सतना के तत्वावधान में 10 अप्रैल शुक्रवार को राष्ट्रीय सिन्धी भाषा दिवस पर श्री मनोहर धाम में महंत स्वामी संतोख दास जी के मुख्य आतिथ्य एवं संस्थाध्यक्ष अशोक चांदवानी की अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।**



महामंत्री विनोद गेलानी ने बताया कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा भगवान श्री झूलेलाल एवं श्री श्रीचंद्र जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा करके महंत स्वामी संतोख दास जी का माल्यार्पण व शाल से सम्मान किया गया। भव्य विचार संगोष्ठी में स्वागत उद्बोधन देते हुए संस्थाध्यक्ष अशोक चांदवानी ने आए हुए सभी सम्मानीयजनो का शब्दों से स्वागत करते हुए कहा 10 अप्रैल 1967 में सिन्धी भाषा को संविधान में 8वे शेड्यूल 15वी अनुसूची में संवैधानिक दर्जा मिला। किसी भी जाति या कोम की पहचान उसकी मातृभाषा से होती है हमारी संस्कृति एवं मातृभाषा अत्यंत प्राचीन है।

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**सतना, 10 अप्रैल. अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद गणेश सिंह से मुलाकात किया ।**



मोर्चा ने शिक्षकों की पात्रता परीक्षा निरस्त करने ,सदन में संशोधन विधेयक लाने एवं प्रश्न लगाने की मांग किया और टीईटी परीक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शिक्षकों की पात्रता परीक्षा अनुत्तीर्ण होने पर सेवा समाप्त के आदेश से अवगत कराया । इस अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता अतुल सिंह परिहार की उपस्थित रहे । प्रतिनिधि मंडल ने मांग किया कि केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर शिक्षकों की पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करे और इस विषय को गंभीरता से लेते हुए सदन में शिक्षकों की बात रखने एवं विभाग द्वारा कैबिनेट में प्रस्ताव की प्रक्रिया पूर्ण होने पर शिक्षा अधिकार अधिनियम में यदि आवश्यकता पड़ी तब संशोधन कर हर हाल में शिक्षकों की सेवा सुरक्षित रखे जाएं। प्रतिनिधिमंडल ने परीक्षा की बाध्यता को समाप्त करने की मांग की ।सांसद ने सभी की बात को गम्भीरता से सुन कर शिक्षकों की बात से सहमति जताते हुए पूरी संवेदनशीलता के साथ शिक्षकों का सहयोग करने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर विवेक सिंह बघेल अतुल सिंह, मुकेश सिंह रवि शंकर तिवारी धर्मेंद्र सेन सी यल सिंह धर्मेंद्र सेन विनय कनौजिया सुखेंद्र श्रीवास्तव बाल गोविंद तिवारी धर्मराज पटेल ईश्वर दिन चौधरी विनीत अग्निहोत्री कुलदीप मौर्य गणेश साहू आदि शामिल रहे.